# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा में आज आम बजट 2025–26 पर चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के धर्मवीर गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट देश के सामने मौजूद कृषि चुनौतियों का समाधान करने में विफल रहा है। उन्होंने किसानों की आत्महत्या का मुद्दा भी उठाया। चर्चा में भाजपा के राव राजेंद्र सिंह ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें गरीबों, किसानों और महिलाओं के हितों का ध्यान रखा गया है।

*****************

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में पांच करोड़ से अधिक दावों का निपटारा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले वर्ष संगठन ने चार करोड़ 45 लाख दावों का निपटारा किया था। डॉक्टर मांडविया ने कहा कि दावों के समाधान की प्रक्रिया को सरल बनाकर और शिकायतों की संख्या कम कर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ये सफलता प्राप्त की है।

*****************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परीक्षार्थियों, एक्जाम वारियर्स, अभिभावकों और शिक्षकों से 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से जुड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग साढ़े तीन करोड़ की रिकॉर्ड संख्या में परीक्षार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने परीक्षा पे चर्चा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

*****************

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद–एबीवीपी के अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन के तहत राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा आयोजित की जा रही है। इसके तहत रांची आये पूर्वोत्तर भारत के 31 युवा प्रतिनिधियों के साथ राजभवन में राज्यपाल ने संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने देश के नव निर्माण में युवाओं की भूमिका और एक भारत श्रेष्ठ भारत पर बल दिया।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने पत्थर खनन लीज मामले में तथ्य छिपाने के लिए राज्य सरकार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने यह राशि प्रार्थी आनंद कुमार सिंह को भुगतान करने का निर्देश सरकार को दिया है। अदालत ने प्रार्थी का खनन लीज रद्द करने के आदेश को भी निरस्त कर दिया। गौरतलब है कि प्रार्थी आनंद कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अदालत को बताया था कि उन्हें पलामू जिले में पत्थर खनन लीज मिला था लेकिन बिना किसी सूचना और पक्ष सुने उसे निरस्त कर दिया गया।

*****************

रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। रांची कालेज मैदान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। इस दौरान यूजी–पीजी के कुल 183 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिया गया। समारोह में आठ हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को डिग्रियां सौंपी गयीं।

*****************

रांची पुलिस की ओर से जिले में अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

*****************

खूंटी जिले में अवैध अफीम के खिलाफ व्यापक अभियान की शुरूआत की गयी है। रांची प्रक्षेत्र के आईजी अखिलेश कुमार झा ने इसकी शुरूआत की। इस दौरान वे ड्रोन, ट्रेक्टर और हजारों जवानों के साथ मारंगहदा इलाके के बिरडीह गांव सहित आसपास के इलाकों में लगी अफीम की फसलों को नष्ट किया। अभियान के पहले दिन जिले में कुल 330 एकड़ में लगी फसलों को नष्ट किया गया।

**** ***